Daink Bhaskar (Indore), 08th March 2026, P- 23

विज्ञान और तकनीक में महिलाओं की भूमिका

इंदौर • आईपीएस अकादमी के केमिस्ट्री विभाग में 'मौनी वॉइस, वन साइंस' थीम पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार हुआ। कार्यक्रम में पुर्तगाल की वैज्ञानिक डॉ. तनिष्ठा रॉय बर्मन मुख्य अतिथि रहीं, जबकि आईआईटी इंदौर की डॉ. अर्चना चौधरी ने आईपीआर, पेटेंट और ट्रेडमार्क जैसे विषयों पर जानकारी दी। विभागाध्यक्ष डॉ. रुचि श्रीवास्तव ने बताया कि यह ग्लोबल पहल दुनिया भर में एक साथ आयोजित की जाती है और इस वर्ष भारत से सर्वाधिक 82 कार्यक्रम रजिस्ट्रेशन हुए, जो देश में विज्ञान के प्रति बढ़ती जागरूकता और भागीदारी को दर्शाता है। मुख्य अतिथि पुर्तगाल की वैज्ञानिक डॉ. तनिष्ठा रॉय ने में कहा कि इस सेमिनार का उद्देश्य विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में महिलाओं और पुरुषों की समान भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि महिलाएं पारिवारिक और पेशेवर दोनों जिम्मेदारियों के बावजूद विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं, जो सराहनीय है।

IIT की प्रोफेसर डॉ. अर्चना चौधरी ने कहा कि इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स, पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट और जियोग्राफिकल इंडिकेशन के महत्व को सरल उदाहरणों के माध्यम से समझाया। उन्होंने रतलामी सेव और कोल्हापुरी चप्पल जैसे उदाहरणों से बताया कि बौद्धिक संपदा की सुरक्षा क्यों आवश्यक है। कार्यक्रम में डायरेक्टर निधि जैन और निशीथ जैन. प्राचार्य डॉ. प्रेमलता गुप्ता भी मौजूद रही।